दिनांक 30.10.2026 को सचिव, भवन निर्माण विभाग, बिहार की अध्यक्षता में **Upgradation & Extension of Patna Museum, Patna, Bihar (Civil + Conservation + MEP)** निर्माण कार्य के तृतीय समयवृद्धि के प्रस्ताव पर विचार करने हेतु विभागीय निविदा समिति की बैठक की कार्यवाहीः-

---

उपस्थितिः-

1. **श्री प्रणव कुमार,** - अध्यक्ष
   सचिव, भवन निर्माण विभाग, बिहार, पटना।
2. **श्री सुरेश प्रसाद प्रभाकर,** - सदस्य
   अभियंता प्रमुख-सह-अपर आयुक्त-सह-विशेष सचिव,
   भवन निर्माण विभाग, बिहार, पटना।
3. **श्री मनोज कुमार सिंह** - सदस्य
   मुख्य अभियंता(संरचना), भवन निर्माण विभाग, पटना।
4. **श्री विकास कुमार पाण्डेय,** - सदस्य
   आंतरिक वित्तीय सलाहकार,
   भवन निर्माण विभाग, बिहार, पटना।

कार्यवाहीः-

1.	योजना का नाम एवं प्रस्ताव	-	**Upgradation & Extension of Patna Museum, Patna, Bihar (Civil + Conservation + MEP)** कार्य के तृतीय समयवृद्धि के संबंध में।
2.	योजना की प्रशासनिक स्वीकृति की राशि	-	₹158.00 करोड़ (कला, संस्कृति एवं युवा विभाग का ज्ञापांक-566 दि0-23.01.2020)
3.	योजना की समेकित तकनीकी स्वीकृति की राशि	-	₹124,91,83,028/-(मुख्य अभियंता(नि0) का पत्रांक 583(नि0)अनु0 दिनांक-22.10.2020)
4.	विषयांकित कार्य हेतु एकरारनामा की राशि	-	₹71,50,07,135.00 SBD-12/2020-21 (परिमाण विपत्र की दर से 3.61 प्रतिशत अधिक दर पर)
5.	संवेदक का नाम	-	RCPL-SBHH (JV), 7012, ATS GREEN PARADISO, SECTOR CHI-IV, GREATER NOIDA, UP
6.	एकरारनामा संख्या	-	SBD-12/2020-21
7.	एकरारनामा के अनुसार कार्य प्रारम्भ की तिथि	-	24.09.2020
8.	एकरारनामा के अनुसार पूर्ण करने की तिथि	-	23.03.2022 (18 माह)
9.	प्रथम समयवृद्धि की तिथि एवं प्रसंग	-	दिनांक 23.03.2023 तक (दिनांक 16.09.2022 को सम्पन्न विभागीय निविदा समिति की बैठक में सशर्त स्वीकृत)
10.	द्वितीय समयवृद्धि की तिथि एवं प्रसंग	-	दिनांक 30.05.2024 तक (दिनांक 22.12.2023 को सम्पन्न विभागीय निविदा समिति की बैठक में सशर्त स्वीकृत)

11. <u>तकनीकी बीड मूल्यांकन समिति की बैठक की कार्यवाहीः-</u>

Upgradation & Extension of Patna Museum, Patna, Bihar (Civil + Conservation + MEP) कार्य का एकरारनामा संवेदक RCPL-SBHH (JV), 7012, ATS GREEN PARADISO, SECTOR CHI-IV, GREATER NOIDA, UP से किया गया, जिसका एकरारनामा संख्या-SBD-12/2020-21 है। एकरारनामा के अनुसार कार्य प्रारम्भ करने की तिथि 24.09.2020 तथा कार्य पूर्ण करने की तिथि 23.03.2022 है। दिनांक 16.09.2022 को सम्पन्न विभागीय निविदा समिति की बैठक में दिनांक 23.03.2023 तक सशर्त प्रथम समयवृद्धि एवं दिनांक 22.12.2023 को सम्पन्न विभागीय निविदा

समिति की बैठक में दिनांक 30.05.2024 तक सशर्त द्वितीय समयवृद्धि की स्वीकृति प्रदान की गयी।

अधीक्षण अभियंता, संरचना अंचल, पटना के पत्रांक 595 अनु0 दिनांक 13.10.2026 के द्वारा दिनांक **31.03.2027** तक तृतीय समयवृद्धि की स्वीकृति का प्रस्ताव समर्पित किया गया है। तृतीय समयवृद्धि के प्रस्ताव की अनुशंसा निम्न कारणों से की गई है:-

- कार्यपालक अभियंता, संरचना प्रमंडल संख्या-1, पटना के पत्रांक 1640 अनु0 दिनांक 25.09.2026 के द्वारा सूचित किया गया है कि पटना संग्रहालय आम दर्शकों के लिए जून 2023 में बंद किया गया। तत्पश्चात् पुराने भवन के विभिन्न हिस्सों को चरणबद्ध तरीके से कार्य हेतु उपलब्ध कराया गया। दिनांक 02.06.2026 को महानिदेशक, बिहार संग्रहालय की अध्यक्षता में आहूत समीक्षात्मक बैठक में लिये गये निर्णय के आलोक में पुराने भवन के भूतल पर स्थित Kashi Prashad Jaiswal Research Institutate (KPJRI) के कार्यालय, पुस्तकालय एवं संग्रह कक्षों आदि को जून 2026 में Conservation कार्य हेतु Handover किया गया। वर्त्तमान में भी पुराने भवन के सभी हिस्से Conservation कार्य करने हेतु हस्तगत नहीं कराये गये है। पुराने भवन के भूतल पर अवस्थित बिहार रिसर्च सोसाईटी के पुराने फर्नीचर को हटाने तथा इसे हस्तगत नहीं किये जाने के कारण उक्त स्थल पर कार्य प्रारम्भ नहीं किया जा सका है।
- नये भवनों के सिविल कार्य फरवरी 2024 में, Landscaping & Internal road कार्य जून 2024 में एवं Sculpture Courtyard कार्य दिनांक 10.07.2024 को पूर्ण किया गया। दिनांक 17.07.2024 को उच्चाधिकारियों के स्थल भ्रमण के दौरान टेंसाइल फैब्रिक युक्त शेड का अतिरिक्त कार्य का निदेश दिया गया, जिसे पूरा करने में अतिरिक्त समय लगा।
- महानिदेशक, बिहार संग्रहालय की अध्यक्षता में दिनांक-14.04.2023, दिनांक-12.09.2023 एवं दिनांक 23.03.2024 को आहूत समीक्षात्मक बैठक में गंगा-सह-पाटली दीर्घा के आधे भाग में गंगा दीर्घा तथा आधे भाग में पाटली दीर्घा बनाने, पाटली दीर्घा में चिरॉंद, कुम्हरार, राजगीर, नालन्दा से प्राप्त वास्तविक पुरावशेषों को प्रदर्शित करने, फर्निचर की आपूर्त्ति बिहार संग्रहालय के फर्निचरों के अनुरूप ही किये जाने, पाटली दीर्घा में विभिन्न कालखण्डों में मगध साम्राज्य का विस्तार, वैभव एवं पाटलिपुत्र (वर्त्तमान में पटना) को प्रदर्शित करने हेतु विशाल नक्शें का प्रयोग करने, पाटलिपुत्रा दीर्घा में चाणक्य होलोग्राम तैयार करने जिसमें दर्शक द्वारा पूछे गए प्रश्नों का उत्तर चाणक्य द्वारा दिया जा सके, पाटलिपुत्र दीर्घा में आकाश बिहार संग्रहालय की दीर्घा-A को प्रदर्शित करने हेतु रंग का संयोजन का अवलोकन करने एवं उसके समरूप बनाने, संग्रहालय एवं दर्शकों की सुरक्षा हेतु Metal Detector, CCTV (आंतरिक एवं वाह्य) प्रभावी Circulation Plan आदि का प्रावधान किये जाने का निदेश दिया गया, जिसके क्रियान्वयन में अतिरिक्त समय लगा।

उक्त कारणों से सिविल कार्य के संवेदक द्वारा सिविल कार्य पूर्ण करने में मार्च 2027 तक का समय लग सकता है।

तकनीकी बीड मूल्यांकन समिति ने उपरोक्त बिन्दुओं पर समीक्षोपरान्त दिनांक **31.03.2027** तक के समयवृद्धि के कारण को उचित पाया है।

12. <u>दिनांक 14.10.2026 को सम्पन्न तकनीकी बीड मूल्यांकन समिति की अनुशंसाः-</u>

तकनीकी बीड मूल्यांकन समिति द्वारा सम्यक् विचारोपरात सर्वसम्मति से पथ निर्माण विभाग, बिहार, पटना के अधिसूचना संख्या-2106(एस) दिनांक 07.03.2017 के आलोक में विषयांकित कार्य का समयवृद्धि दिनांक **31.03.2027** तक स्वीकृत करने की अनुशंसा तथा सहमति हेतु विभागीय निविदा समिति में रखने का निर्णय इस शर्त के साथ लिया जाता है कि दिनांक **31.03.2027** तक के समयवृद्धि की अवधि में संवेदक को किसी भी प्रकार की क्षतिपूर्ति/एस0बी0डी0 के कंडिका- 10सी0सी0/10सी0ए0 के तहत सामग्रियों के दर में बढ़ोत्तरी का दावा मान्य नहीं होगा। इस संदर्भ में कार्यकारी एजेंसी द्वारा समयवृद्धि के अवधि में मूल्य-वृद्धि का दावा नहीं करने हेतु शपथ-पत्र प्राप्त कर ली गयी है। कार्यकारी एजेंसी द्वारा समयवृद्धि के अवधि में मूल्य-वृद्धि का दावा नहीं करने हेतु शपथ-पत्र प्राप्त कर ली गयी है।

13. <u>विभागीय निविदा समिति का निर्णयः-</u>

विभागीय निविदा समिति द्वारा सम्यक् विचारोपरात सर्वसम्मति से दिनांक 14.10.2026 को सम्पन्न तकनीकी बीड मूल्यांकन समिति की बैठक में की गई अनुशंसा को अनुमोदित करने का निर्णय लिया गया तथा समयवृद्धि दिये जाने हेतु मुख्य अभियंता(संरचना) को प्राधिकृत करने का निर्णय लिया गया।

इस कार्यवाही को विभागीय बेवसाईट पर अपलोड की जाय।

अंत में बैठक सधन्यवाद समाप्त हुई।

30/10/26 30/10/26 30.10.26 30/10/26

(विकास कुमार पाण्डेय)	(मनोज कुमार सिंह)	(सुरेश प्रसाद प्रभाकर)	(प्रणव कुमार)
आंतरिक वित्तीय सलाहकार,	मुख्य अभियंता(संरचना)	अभियंता प्रमुख-सह-अपर	सचिव,
भ0नि0वि0, बिहार, पटना	भ0नि0वि0, बिहार, पटना	आयुक्त-सह-विशेष सचिव,	भवन निर्माण विभाग,
		भ0नि0वि0, पटना	बिहार, पटना

ज्ञापांक- भवन/मु0अभि0(प0)यो0परि0वि0-2-06/2020 182 पटना, दिनांक- 2/11/26

प्रतिलिपि-आई0टी0 मैनेजर, भवन निर्माण विभाग, पटना को विभागीय बेबसाईट पर अपलोड करने हेतु प्रेषित।

02/11/26

(मनोज कुमार सिंह)
मुख्य अभियंता(संरचना),
भवन निर्माण विभाग, पटना